संक्षिप्त

31 जनवरी तक जमा होगी फीस

झुंझुनूं, (निसं)। कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय ने विद्यार्थियों को फीस जमा कराने का एक और अवसर दिया है। मोरारका कॉलेज के नोडल प्रवेश प्रभारी जीएल डिठावाल ने बताया कि समस्त राजकीय महाविद्यालयों के स्नातक पार्ट द्वितीय, तृतीय एवं स्नातकोत्तर फाइनल के वंचित नियमित विद्यार्थियों को फीस जमा करवाने का एक और अवसर दिया गया है। वंचित विद्यार्थी ई-मित्र पर अपनी 31 जनवरी तक फीस जमा करवा सकते हैं।

जुआ खेलते तीन जने गिरफ्तार

सुजानगढ़, (निसं)। सदर थाना पुलिस ने गोपालपुरा में ताश के पतों पर दांव लगाते तीन जनों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 8890 रूपये बरामद किये हैं। उपनिरीक्षक नारायणराम ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए निकटवर्ती गांव गोपालपुरा के रामदेव मंदिर के पास ताश के पत्तों पर दांव लगाकर जुआ खेलते हुए भगवानाराम पुत्र दुर्गाराम मेघवाल, श्रवण पुत्र भागीरथराम मेघवाल तथा दिनेश पुत्र थानाराम मेघवाल निवासीगण गोपालपुरा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ताश जोडी, 8890 रूपये तथा अखबार का एक टूकड़ा बरामद किया है।

गौशाला में दान का सिलसिला शुरू

सादुलपुर, (निसं)। वन्य जीव जंतु अभयारण्य गौशाला निर्माण संचालन को लेकर 10 गांवों द्वारा चलाया गया अभियान दान का सिलसिला शुरू हो गया है। गौशाला के राजेश थाकन बिरमी ने बताया कि ढाणी मेहडा (राजस्व गांव सिरोही) के चाननमल पुत्री सी.पी. मेहडा ने एक लाख एक हजार रूपये की राशि प्रदान की। इस मौके पर गौशाला अध्यक्ष बलवान चाहर, दलीप लोटासरा, लिछु राम बुडानिया, भागी भाकर, नेकीराम व दले सिंह मेहडा आदि मौजूद थे।

तस्करी के मामले में एक गिरफ्तार

सूरजगढ़, (निसं)। शराब तस्करी के मामले में सूरजगढ़ पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस ने बताया कि सेही कलां की रोही में शराब की तस्करी करते हुए सेही कलां के रहने वाले दीपक पुत्र विजय राजपूत को गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से देसी शराब के 40 पव्वे बरामद किए गए हैं।

झुंझुनूं और खेतड़ी की बसों में महिलाओं के लिये आरक्षित सीटों को मिली पहचान

झुंझुनूं डिपो में बसों का शुभारंभ जिला कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुड़ी ने किया।

- अब महिलाएं नहीं होगी बस की सीट के लिए परेशान

झुंझुनूं, (निसं)। परिवहन मंत्री बृजेंद्र ओला के गृह जिले झुंझुनूं में संचालित झुंझुनूं व खेतड़ी आगार की बसों में अब पिंक पॉवर अलग से दिखेगा। वैसे तो रोडवेज की हर बस में छह सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होती है। लेकिन इन आरक्षित सीटों पर पुरुष बैठ जाते हैं तो महिलाओं को अपने अधिकार भूलने पड़ते हैं या फिर नजर अंदाज करने पड़ते हैं। लेकिन अब झुंझुनूं और खेतड़ी आगार की 131 बसों में पिंक पॉवर अलग से नजर आएगा। दरअसल अब इन बसों में महिलाओं के लिए आरक्षित छह सीटों पर पिंक कलर का कवर लगा दिया गया है। जिससे अब महिलाओं की आरक्षित सीट पर हर कोई नहीं बैठ सकेगा। सोमवार को झुंझुनूं डिपो में इन बसों का शुभारंभ जिला कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुड़ी ने किया। वहीं इस पहल की जमकर प्रशंसा की।

इस मौके पर महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक विप्लव न्यौला, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक विजेंद्र सिंह, एसडीएम शैलेश खैरवा, सामाजिक कार्यकर्ता राजन चौधरी, डिपो मैनेजर गणेश शर्मा समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे। इस मौके पर कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुड़ी ने सभी को बालिका दिवस की बधाई दी और कहा कि झुंझुनूं की बेटियों ने हमेशा जिले का नाम रोशन किया है। झुंझुनूं जिला बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान में लगातार नवाचार के कारण पूरे देश में अपनी पहचान बना चुका है। आज जो पिंक पॉवर कार्यक्रम के तहत महिलाओं की आरक्षित सीटों पर कवर लगाए गए है। साथ ही साथ मुख्यमंत्री के उड़ान कार्यक्रम के तहत हर बस में सेनेटरी नैपकीन फ्री उपलब्ध करवाए गए है। वो निसंदेह महिलाओं और खासकर बेटियों के सम्मान और अधिकार को बढावा देगा। इस मौके पर महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक विप्लव न्यौला ने बताया कि बालिका दिवस के मौके पर आज झुंझुनूं और खेतड़ी आगार की 131 बसों में महिलाओं के आरक्षित सीटों को पिंक कवर से कवर्ड करवाया गया है। इसके साथ इन कवर के जरिए बेटी बचाओ बेटी पढाओ का संदेश दिया गया है। उन्होंने बताया कि उड़ान कार्यक्रम के तहत अब झुंझुनूं और खेतड़ी आगार की सभी बसों में सेनेटरी नैपकीन भी महिलाओं के लिए हर समय फ्री उपलब्ध रहेंगे। वहीं साथ ही साथ रोडवेज के हर स्टैंड पर भी स्थित शौचालयों में सेनेटरी नैपकीन रखवाए जा रहे है। इस मौके पर झुंझुनूं एसडीएम शैलेश खैरवा ने कहा कि जिला प्रशसन एवं महिला अधिकारिता विभाग की यह अभिनव पहल वास्तव में महिलाओं को उनके अधिकारों के लिए जागरूक करेगी। उन्होंने बताया कि झुंझुनूं एवं खेतड़ी आगार की बसों में महिलाओं के लिए अलग कलर के सीट कवर लगवाएं गए है। ताकि महिलाओं को उनके लिए रिजर्व सीट का आसानी से पता चल सकें। उन्होंने सरकार की उड़ान योजना के तहत दी जाने वाली निःशुल्क सेनेटरीन नेपेकिन को भी सफर के दौरान महिलाओं के लिए फायदेमंद बताया।

महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक विप्लव न्यौला ने बताया कि झुंझुनूं जिला नवाचार करने में हमेशा से ही सबसे आगे रहा है। इस बार भी राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार नवाचार करते हुए रोडवेज की बसों में महिलाएं खड़े होकर सफर नहीं करें और बार-बार पुरूषों से अपनी सीट की मांग नहीं करें और अधिकारपूर्वक अपनी सीटों पर बैठे, इसके लिए उनकी सीटों को अलग कलर से कवर किया गया है, ताकि महिलाओं को अपनी सीट की आसानी से परख हो सकें। बेटी बचाओ बेटी पढाओ के तहत अब तक महिला अधिकारिता विभाग के द्वारा जिला प्रशासन के निर्देशन में 21 नवाचार किए जा चुके थे।

महिला प्राचार्यों का किया सम्मान

सुजानगढ़ (निसं)। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में अहिंसा विकास मंच एवं गांधी आश्रम के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षाविद् महिला शक्ति का सम्मान किया गया। गांधी आश्रम के अध्यक्ष सुभाष बेदी ने गांधी बस्ती स्थित राजकीय बालिका उ.मा. विद्यालय की प्राचार्या सुनीता सारण एवं राजकीय कनोई बालिका उ.मा. विद्यालय की प्राचार्या सरोज पूनिया का साफा बांध कर एवं शॉल ओढाकर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर सुभाष बेदी ने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिका शिक्षा को बढावा देने वाली दोनों ही शिक्षिकाओं को सम्मान कर वे अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होने कहा कि सरकारें बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अनेक प्रयास कर रही है, लेकिन सरकारों के उन प्रयासों की सफलता अच्छे शिक्षकों के प्रेरणास्पद एवं मार्गदर्शित सद्व्यवहार पर निर्भर है। सरोज पूनिया एवं सुनीता सारण के कुशल नेतृत्व में दोनों ही बालिका विद्यालयों की शिक्षिकाऐं एवं अन्य स्टाफ बालिकाओं को शिक्षित करने के लिए अग्रसर है। इस अवसर पर पूर्व जिप सदस्य हुकमाराम चौधरी, रेवन्तराम मेघवाल, श्रवण सुरोलिया आदि उपस्थित थे।

बिजली निगम के कर्मचारियों की बैठक, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

अजमेर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ की जिला बैठक श्रमिक संघ जिला अध्यक्ष देवकरण सैनी की अध्यक्षता में तथा डिस्कॉम महामंत्री नरेंद्र सिंह राठौड़ के सानिध्य में संपन्न हुई।

झुंझुनूं, (निसं)। अजमेर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ की जिला बैठक श्रमिक संघ जिला अध्यक्ष देवकरण सैनी की अध्यक्षता में तथा डिस्कॉम महामंत्री नरेंद्र सिंह राठौड़ के सानिध्य में स्थानीय अधीक्षण अभियंता कार्यालय परिसर के सभागार भवन में संपन्न हुई। बैठक में श्रम समस्याओं पर चर्चा की गई एवं कई प्रस्ताव लिए गए।

बैठक को संबोधित करते हुए डिस्कॉम महामंत्री नरेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया ठेका प्रथा व निजीकरण के विरोध में जिले में विद्युत श्रमिकों का 50 दिनों तक चले धरने के दबाव में डिस्कॉम प्रबंध निदेशक द्वारा श्रमिक संघ की प्रमुख मांग एफआरटी को हटाने, इंसेंटिव के भुगतान की रोक हटाने, वेतन किसी भी बैंक में स्थानान्तरित करने संबंधी आदेश जारी हुए हैं। जिलाध्यक्ष देवकरण सैनी ने विद्युत निगम के निजी करण के विरोध में भावी कार्यक्रम के अनुसार संघर्षरत रहने की अपील की। बैठक का संचालन जिला महामंत्री सुरेश कुमार शर्मा ने किया। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्रसिंह तंवर, कोषाध्यक्ष परवीन अवाना, संगठन मंत्री नरेश स्वामी, भामसं उपाध्यक्ष सुभाष चेजारा, सुरेश कुमार शर्मा, गुट्टूराम सैनी, रीना चौधरी, सुरेंद्र कुमार सैनी, सुनील शर्मा, झुंझुनूं शहर से विशाल करणावत, ठामीण झुंझुनूं से विक्रम सिंह, सत्य प्रकाश, मलसीसर से जितेंद्र, सुशील, मंडावा से भंवरलाल, चिड़ावा से कर्मवीर, जयवीर, पिलानी से आनंद सिंह, सूरजगढ़ से जयवीर सिंह, चन्ना से प्रमोद कुमार, खेतड़ी नगर से सुरेंद्र जांगिड़, खेतड़ी टाउन से सुभाष झोझू, सुरेश कुमार सैनी, मुकुंदगढ़ से विजेंद्र सिंह खीचड़, मुकेश कालेर, विकास नेहरा, उदयपुरवाटी से अनिल शर्मा आदि मौजूद रहे। इसके अलावा जिला महामंत्री सुरेश कुमार शर्मा ने कार्यसमिति बैठक में घोषणा कर उपखंड कार्यकारिणी का विस्तार सुलताना में सज्जन सिंह को अध्यक्ष, मंडावा में विकास टंडन को उपाध्यक्ष, झुंझुनूं शहर में सोमेश स्वामी को उपाध्यक्ष, रीना देवी को महिला मोर्चे की जिला उपाध्यक्ष, ठामीण में सुखेंद्र शर्मा के कार्यकारी अध्यक्ष, नितेश सैनी को उपाध्यक्ष, पिलानी से आनंद सिंह तंवर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया।

सीकर : कौशल विकास एवं उद्यिमता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित जन शिक्षण संस्थान, सीकर द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, गोरधनपुरा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बालिकाओं के स्वास्थ्य, सेवायें, शिक्षा व परवरिश पर जागरूक किया। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक गोपाल सिंह राठौड़ ने बताया कि बालिकाऐं अपने स्वास्थ्य का विशेष रूप से ध्यान रखें, अच्छी शिक्षा ग्रहण करें। आज लड़कियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। आप भी आगे बढ़े और आज का दिन देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा जैण्डर समानता हो और महिला सशक्त हो। कार्यक्रम में संस्थान की बबीता ने बताया कि बालिकाओं के प्रति जो भ्रांतिया है उन्हें दूर करना है।

'लड़कों से कम नहीं है बालिकाएं'

सुजानगढ (निसं)। निकटवर्ती गांव तोलियासर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बालिका दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपस्थितजनों को सम्बोधित करते हुए झुंझुनूं के समाजसेवी सत्यदेव दडिया ने कहा कि उचित मार्गदर्शन, सुरक्षा एवं सम्बल मिले तो बालिकाएं लडकों से किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है और समय-समय पर बेटियों ने इसे साबित कर दिखाया है। अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य कमलेश तेतरवाल ने कहा कि जल, थल, नभ के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी योग्यता साबित कर चुकी बालिकाओं अब एनडीए जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में भी अनुमति मिल गयी है। हमारी बालिकाओं ने दुनिया मे हर क्षेत्र में अपनी काबिलियत साबित कर डंका बजाया है। विशिष्ठ अतिथि एसडीएमसी सदस्य बजरंगलाल शर्मा व बलवंत सिंह राठौड़ थे।

विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

बीदासर, (निसं)। नालसा, रालसा, डालसा एवं अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति सुजानगढ़ के दिशा-निर्देशों की पालना में सिविल न्यायालय एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट बीदासर न्यायालय परिसर में बालिका दिवस के अवसर पर आरजेएस मनमोहन चंदेल की अध्यक्षता में विधिक जागरूकता कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में कोरोना संक्रमण की रोकथाम हेतु जिला एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी सभी निर्देषों की सख्ती से पालना की गई। अध्यक्ष आरजेएस मनमोहन चंदेल ने बताया कि आज के दिन भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को नारी शक्ति के रूप में याद किया जाता है, आज ही के दिन वर्ष 1966 में उन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला था। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य बेटियों को सशक्त एवं मजबूत बनाना है, जिसकी शुरुआज वर्ष 2009 में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा की गई थी। आरजेएस चंदेल उपस्थित जन को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत में बेटियों के प्रति अपराधों की रोकथाम हेतु न केवल कठोर कानूनों का निर्माण किया गया है, अपितु उनकी अक्षरशः पालना भी सुनिश्चित करवाने के लिए ठोस कदम उठाये गये हैं। समाज के हर वर्ग को दृढ़ता एवं मजबूती के साथ संकल्प कर बाल अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए कार्य करना होगा। कैम्प में अधिवक्ताओं द्वारा 'कन्या संतान बचानी है, भ्रूण हत्या मिटानी है', बेटी कुदरत का है उपहार, इसको दो जीने का अधिकारी', बेटी तो है जग की जननी, हमें रक्षा अब इसकी करनी' आदि उद्घोश लगाये गये।

परिजनों ने ट्रक मालिक पर लगाया हत्या का आरोप, शव की शिनाख्त हुई



सिंघाना : थाना इलाके के मोई गांव में पुलिस ने जांच की।

- मोई गांव में ट्रक चालक की लाश मिलने का मामला

सिंघाना, (निसं)। थाना इलाके के मोई गांव में 22 जनवरी को मिले अज्ञात शव की ना केवल शिनाख्त हो गई है। बल्कि परिजनों ने मोई गांव के ही एक ट्रक मालिक के खिलाफ हत्या का केस दर्ज करवाया है।

जानकारी के मुताबिक 22 जनवरी को मोई गांव में एक अज्ञात युवक का शव मिला था। जिसकी शिनाख्त करवाने के लिए पुलिस ने समीप के राज्य हरियाणा की पुलिस संपर्क किया। जिसके बाद इस मृतक की शिनाख्त नूंह जिले के नगीना थाना इलाके के घाघस गांव के 32 वर्षीय राजवीर उर्फ धर्मपाल पुत्र रोशनलाल वाल्मिकी के रूप में हुई। परिजनों ने रविवार देर रात को शव की शिनाख्त कर दी।

सोमवार को परिजनों ने अपने जानकारों को इधर-उधर से जानकारी जुटाई तो सामने आया कि 19 जनवरी का राजवीर उर्फ धर्मपाल विजयनगर से पानीपत के लिए ट्रक लेकर निकला था। 20 जनवरी तक झुंझुनूं पहुंचने के सबूत परिजनों के पास है। इसके बाद की जानकारी परिजनों को नहीं लग पाई है। परिजनों की मानें तो विजयनगर से जब राजवीर ट्रक लेकर रवाना हुआ तो उसके साथ ट्रक मालिक अमित और उसका भतीजा, या तो दोनों थे। या इनमें से कोई एक था। परिजनों के मुताबिक घटना के बाद से ट्रक मालिक फरार है। वहीं ट्रक भी लावारिस हालत में एक बंद होटल के पास खड़ा मिला। जिसे पुलिस ने अपनी कस्टडी में ले लिया है। इधर, शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। वहीं पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घाघस के सरपंच साकिर हुसैन ने बताया कि राजवीर का परिवार बेहद गरीब है। इसका पिता और छोटा भाई बकरी चराकर घर का गुजारा करते है। दो बहनें ब्याह दी है। वहीं राजवीर शादीशुदा है। जिसके पांच साल की बेटी है। घर में कमाने वाला यह एक मात्र था। इस वारदात के बाद पूरा परिवार टूट गया है। परिजनों ने बताया कि राजवीर से उनकी आखिरी बार बातचीत 18 जनवरी को हुई थी। उसके बाद से उसका फोन बंद था।

स्टोर का शुभारंभ

सादुलपुर, (निसं)।गंगा प्लाजा में स्थित यूकस्पेश स्टेशनरी स्पोर्ट स्टोर का शुभारंभ सोमवार को राजस्थान सरकार के मुख्य खेल अधिकारी वीरेन्द्र पूनियां द्वारा किया गया। इस अवसर पर राजगढ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सतीश पूनियां, नगरपालिका अध्यक्ष रजिया गहलोत, राजगढ थानाधिकारी कृष्ण कुमार बलौदा, एसीबीईओ दीवानसिंह सूरा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ के प्रधानाचार्य सुरेन्द्र सिंह पूनियां, सेवानिवृत एएसपी नियाज मोहम्मद, सीताराम प्रजापत, कोच जसवंत पूनियां व राजेन्द्र कालरी आदि उपस्थित रहे।

NOTICE

NOTICE is hereby given that the Certificate for 150 Equity Shares No. 1334477 Of Larsen & Toubro Limited standing in the name of chiman ram saini has been lost or mislaid and the undersigned has applied to the Company to issue duplicate Certificate for the said shares. Any person who has any claim in respect of the said shares should write to our Registrar, KFin Technologies Private Limited. Selenium Tower B, Plot 31-32, Gachibowli, Financial District,Hyderabad-500032 within one month from this date else the company will proceed to issue duplicate Certificate(s).

Name(s) of Shareholder
CHIMAN RAM SAINI
DATE- 11/01/2022

सार-समाचार

मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

झुंझुनूं, (निसं)। राजस्थान के किसान संगठनों के द्वारा सोमवार को राजस्थान के राजभवन घेराव का प्रोग्राम था। लेकिन पुलिस द्वारा पुलिस कमिश्नर कार्यालय के पास कोरोना वायरस के प्रोटोकॉल के तहत किसानों को रोक लिया गया। वहां से 11 सदस्य कमेटी को राजभवन की तरफ से आमंत्रित किया गया। जिसमें झुंझुनूं जिले की तरफ से जिला परिषद सदस्य पंकज धनखड़, जय किसान आंदोलन के जयपुर संभाग के अध्यक्ष कैलाश यादव, 11 सदस्यों की कमेटी ने राज्यपाल के निजी सचिव से चर्चा कर मांग पत्र सौंपा। इस मांग पत्र में राजस्थान सरकार के द्वारा पारित विधेयक नवंबर 2020 का एक विधेयक राज्यपाल के पास पड़ा है। जिस पर राजस्थान के राज्यपाल ने हस्ताक्षर नहीं किया। इस विधेयक के ऊपर राज्यपाल साइन करे। जिससे राजस्थान सरकार के द्वारा पारित इस विधेयक से 5 एकड़ भूमि तक किसानों की नीलामी या कुर्की नहीं हो। प्रतिनिधि मंडल में राजाराम मील, सरदार रणजीतसिंह राजू, हिम्मतसिंह गुर्जर, रतन खोखर, जयसिंह गुर्जर, कृष्ण मालविया, मोहम्मद दानिश आदि ने भाग लिया।

महाविद्यालय में बालिका दिवस मनाया

झुंझुनूं, (निसं)।सोमवार को छात्र संगठन एसएफआई की छात्रा सब कमेटी ने बालिका दिवस मनाया। एसएफआई की छात्रा सब कमेटी महासचिव पूजा नायक ने बताया कि मोरारका महाविद्यालय में बालिका दिवस मनाया। जिसमें एसएफआई की राज्य कमेटी सदस्य चुकी नायक ने बालिका दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए तथा राजनैतिक विज्ञान के प्रोफेसर वेदप्रकाश यादव ने बालिका दिवस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि देश की सरकार को कन्या भ्रूण हत्या और बलात्कार जैसी अमानवीय घटनाओं पर कड़े कानून बनाने की आवश्यकता है। दूसरी ओर एसएफआई की नेतराम कॉलेज कमेटी ने भी बालिका दिवस मनाया। जिसमें अध्यक्ष हेमलता शर्मा ने अपने विचार रखे तथा कॉलेज कमेटी महासचिव प्रियंका सहारण ने अपने विचार व्यक्त किए।

95 छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरण

पाटन (नि.स)। निकटवर्ती ग्राम बोपिया में स्थित राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में डॉक्टर हेमंत कटारिया व उनकी धर्मपत्नी डॉ शिखा कटारिया कपिल चिकित्सालय नीमकाथाना द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत 95 छात्र छात्राओं को सर्दी से बचने के लिए गर्म स्वेटर और बिस्कुट वितरण किए गए। गर्म स्वेटर पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। ग्राम पंचायत छाजा की नंगल के सरपंच सुनील कुमार मेहरड़ा एवं विद्यालय के प्राचार्य सुभाष चंद्र वर्मा ने भामाशाह डाक्टर परिवार का आभार व्यक्त किया। इस दौरान कार्यक्रम में समाजसेवी बन्ने सिंह गुर्जर एवं विद्यालय के सभी शिक्षक गण उपस्थित रहे।

दुर्घटनाग्रस्त नंदी का किया उपचार

मुकुंदगढ़, (निसं)। बस स्टैंड के ऊपर खड़े हुए चोटग्रस्त नंदी की सूचना हरियाणा के राहगीर ने श्री राम भक्त हनुमान फाउंडेशन को दी नंदी के पेट के अंदर किसी धारदार वस्तु से अंदर घाव हुआ था। जिसके कारण रक्त प्रवाह हो रहा था। सूचना मिलने पर फाउंडेशन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और पशु चिकित्सक मनोज चोटिया को मौके पर बुलाया और उसका सफल इलाज करवाया। इस मौके पर संदीप कुमावत, विजेंद्र कुमावत, देवेंद्र शेखावत, मनीष गुर्जर, उत्तम कुमावत, ऋतिक गुर्जर, प्रवीण कुमावत, केदार शर्मा, योगेश शर्मा, दीपक कुमावत, गुलाबचंद, कुलदीप शर्मा मौजूद रहे और अपना कीमती समय बेजुबान की सेवा के लिए दिया और निवेदन किया अगर कोई भी पीड़ित गौवंश एवं पशु पक्षी आपकी नजर में आता है तो उसके निशुल्क उपचार के लिए श्री राम भक्त हनुमान जी फाउंडेशन से संपर्क करें।

भीम BHIM
राजस्थान सरकार वन विभाग
YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

क्रमांकः प. 1(105) वन/ 2021 जयपुर, दिनांक : 07.01.2022

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (HoFF) राजस्थान, जयपुर

विषय : Diversion of 0.2431 ha of forest land in favour of Bharat Petroleum Corporation Limited for Construction of Approach Access for Proposed Bharat Petroleum Coroporatin Limited Retail Outlet on Ringus to Palsana Road NH-52 (Old NH-11, RHS), At KM Stone Chainage No. 302 144.50 to 302 + 179.50 on Old Khasra No. 1302/2 & New Khasra No. 1657/1651, At Village-Bavori, Tehsil-Khandela, District-Sikar (FP/RJ/Approach/147202/2021)

संदर्भ : आपका पत्रांक एफ 14(482/41) 2021/एफसीए/प्रमुवस/3608 दिनांक 09.12.2021

महोदय, उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित प्रस्ताव में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अन्तर्गत सामान्य स्वीकृति के तहत धारा-2 में स्टोन नम्बर (Chainage 302+144.50 to 302+197.50) के खसरा नम्बर 1302/2 एवं नया खसरा नं. 1557/1651 ग्राम बावोरी तहसील खण्डेला जिला सीकर में प्रस्तावित पेट्रोल पम्प के प्रवेश एवं विकास हेतु 0.2431 हेक्टयर वन भूमि प्रत्यावर्तन की स्वीकृति चाही गई है। नोडल अधिकारी वन संरक्षण अधिनियम द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रस्ताव पर विचारोपरान्त प्रस्ताव पर वन संरक्षक अधिनियम 1980 के अन्तर्गत धारा-2 में सामान्य स्वीकृति बाबत प्रभारी दिशा-निर्देशों के परिपेक्ष्य में Diversion of 0.2431 ha of forest land in favour of Bharat Petroleum Corporation Limited for Construction of Approach Access for Proposed Bharat Petroleum Coroporatin Limited Retail Outlet on Ringus to Palsana Road NH-52 (Old NH-11, RHS), At KM Stone Chainage No. 302 +144.50 to 302 + 179.50 on Old Khasra No. 1302/2 & New Khasra No. 1657/1651, At Village-Bavori, Tehsil-Khandela, District-Sikar की सैद्धांतिक स्वीकृति बिना किसी वृक्ष के पातन सहित निम्न शर्तो के अध्यधीन प्रदान करती है :-

1. वन भूमि की वैधानिक स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं होगा। 2. प्रत्यावर्तित वन भूमि का उपयोग किसी अन्य प्रयोजन के लिये नहीं किया जावेगा। 3. याचक विभाग द्वारा परियोजना के निर्माण एवं रख रखाव के दौरान आस पास के क्षेत्र की वनस्पतियों एवं जीव जन्तुओं को किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुंचाई जावेगी एवं उनके संरक्षण हेतु समस्त उपाय किये जावेंगे। 4. प्रत्यावर्तित क्षेत्र में रोपित किए जाने वाले वृक्षों वन विभाग की बिना पुर्वानुमति के नहीं काटा जावे। उक्त क्षेत्र में रोपित पेड परिपक्व होने पर वन विभाग के होंगे। 5. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रस्तावित स्थल/वनक्षेत्र के आस-पास मजदूरों/स्टाफ के लिए किसी भी प्रकार का कैम्प नहीं लगाया जावेगा। 6. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा निर्माण कार्य के दौरान स्थल पर कार्यरत मजदूरों/स्टाफ को रसोई गैस/केरोसिन तेल आपूर्ति की जायेगी, ताकि निकटवर्ती वनों की क्षति न हो। 7. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रस्तावित वनभूमि के अतिरिक्त आस-पास की वनभूमि से/पर निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी/पत्थर काटने या भरने का कार्य नहीं किया जावेगा। 8. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा स्वयं के व्यय पर पेट्रोल पम्प में प्रवेश एवं निकास मार्ग के दोनों और रिक्त पडे स्थानों पर ट्री गार्ड लगाकर तथा दोनों मार्ग के बीच के स्थान (Separator Island) पर कम से कम 2 फीट ऊँची दीवार बनाकर सीमांकन कर इसका उपयोग वृक्ष लगाने एवं उन्हें सुरक्षित करने में किया जाएगा। यह वृक्षारोपण क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण के अतिरिक्त होगा। 9. प्रयोक्ता अभिकरण, सैद्धांतिक स्वीकृति की पालना के साथ एफ.आर.ए. सर्टिफिकेट प्रस्तुत करावेगा। तदोपरान्त ही विधिवत स्वीकृति पर विचार किया जावेगा। 10. प्रयोक्ता अभिकरण वर्तमान एवं भविष्य में योजना पर लागू सभी नियम, कानून तथा दिशा निर्देशों का पालन करेगा। 11. प्रयोक्ता अभिकरण के व्यय पर वन विभाग द्वारा शून्य से 10 वृक्षों का पातन होने पर 100 वृक्षों तथा 10 से अधिक वृक्षों का पातन होने पर पातन किये जाने वाले वृक्षों का दस गुना संख्या में वृक्षों का वृक्षारोपण एवं 10 वर्षो तक रखरखाव किया जायेगा। इस हेतु प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा वर्तमान दरों को समाहित करते हुये राशि वेबपोर्टल OSMFWP (Online Submission & Monitoring of Forest & Wildlife Clearence Portal) द्वारा सृजित ई-चालान द्वारा जमा की जायेगी। 12. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय के रिट पिटीशन (सिविल) 202/1995 के अन्तर्गत आई.ए. संख्या 566 एवं भारत सरकार के पत्र संख्या 5-3/2007-एफ.सी. दिनांक 05.02.2009 तथा पत्र 12-2/2010-CAMPA दिनांक 09.06.2016 में दिये गए आदेशानुसार शुद्ध वर्तमान मूल्य (एन.पी.वी.) की निर्धारित राशि जमा की जावेगी। उपरोक्त अनुदेशों के अनुसार शुद्ध वर्तमान मूल्य तथा दूसरी सभी निधियां प्रतिपूर्ति पौधारोपण निधि प्रबंधन तथा योजना प्राधिकरण के तदर्थ निकाय के वेबपोर्टल OSMFWP द्वारा सृजित ई-चालान द्वारा जमा करायी जायेगी। जिसके उपरांत ई-चालान की छाया प्रति, जमा की गई धनराशि का बैंक चालान/यूटीआर संख्या/एनईएफटी नम्बर की छाया प्रति सहित सैद्धांतिक स्वीकृति की अनुपालना आख्या (जिसमें जमा की गई राशि का मदवार विवरण हो) प्रेषित की जाए, तदोपरांत विधिवत स्वीकृति पर विचार किया जावेगा। 13. प्रयोक्ता अभिकरण इस आशय का वचनबद्धता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे कि सक्षम स्तर से यदि एन.पी.वी. दरों में बढ़ोतरी होती है तो बढ़ हुई धन राशि प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा नियमानुसार जमा की जाएगी। 14. राज्य सरकार द्वारा दी गई इस अनुमति का प्रबोधन संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया जा सकेगा। 15. भारत सरकार के पत्रांक 7-23/2012/एफसी दिनांक 24.07.2013 से माननीय ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा दिनांक 07.11.2012 को पारित निर्णय की पालना प्रकरण में सुनिश्चित की जावे तथा प्रकरण में जारी स्वीकृति को यूजर एजेंसी हिन्दी एवं अंग्रेजी में प्रकाशित होने वाले एक-एक समाचार पत्र में अक्षरशः प्रकाशित करावें एवं जारी स्वीकृति की प्रतियां स्थानीय निकाय, पंचायत एवं नगर पालिका के राजकीय अधिकारियों को स्वीकृति प्राप्ति के 30 दिन के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय
(बी. प्रवीण) शासन सचिव